भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.07.2023

रेस्स ऐप पर आरेडिका के कर्मचारियों के बिजली बिल के विवरण की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में विद्युत विभाग एवं कार्मिक विभाग के निरन्तर प्रयास से और क्रिस (सेन्टर फॉर रेलवे इन्फार्मेशन सिस्टम) नई दिल्ली द्वारा समन्वय के बाद रेलवे कर्मचारियों के आवासों का विद्युत व्यय का विस्तृत विवरण जुलाई–2023 माह से रेस्स ऐप पर मिलना शुरू हो जाएगा।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री हरीश चन्द्र ने बताया कि अभी तक कर्मचारियों/अधिकारियों की "रेस्स ऐप" (रेलवे इम्पलाई सेल्फ सर्विस) सैलरी विवरण में विद्युत बिजली से सम्बंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं थी जो अब जुलाई माह से शुरू हो जाएगी

साथ ही साथ श्री चन्द्र ने बताया कि "रेलवे शिकायत निराकरण" हेतु विद्युत विभाग ने क्रिस से मिलकर "रेल बिजली समाधान ऐप" का शुभारम्भ किया है। रेलवे की सभी उत्पादन इकाइयों में एमसीएफ मे सबसे पहले इस ऐप को चालू किया है। यह जुलाई–2023 माह से प्रक्रिया में आ गया है जिससे कर्मचारी/अधिकारी अपने मोबाइल द्वारा इस ऐप पर कभी भी विद्युत संबंधी शिकायत डाल सकते हैं, जिसकी जानकारी विद्युत विभाग और उप मुख्य विद्युत अभियंता को ऑनलाइन मिल जाएगी तथा विद्युत विभाग इस शिकायत का निस्तारण करके कर्मचारी/अधिकारी के मोबाइल से ओटीपी लेने के बाद इस शिकायत को बंद करा सकते हैं। इससे विद्युत विभाग से संबंधित शिकायत का निराकरण बड़े सुचारू रूप से हो सकेगा।

18/7/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी